Std-III ( Hindi Lit.)

# पशु रक्षा

## शब्दार्थ

पशु -- जानवर

जंगली -- जंगल में रहने वाले

पालतू -- जिसे पाला जा सके

सहायता -- मदद

बछड़ा -- गाय का बच्चा

रेगिस्तान - रेत का मैदान

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :-

Q.1. जंगली पशु वन में क्यों रहते हैं?

उत्तर:-जंगली पशु हिंसक और खतरनाक होते हैं । वे हमें चोट तथा नुकसान पहुँचा सकते हैं ।इसलिए वे वन में रहते हैं।

Q.2. पालतू पशु किसे कहते हैं ?

उत्तर:- जो पशु हमारी सहायता करते हैं ,उन्हें पालतू पशु कहते हैं। जैसे :- गाय, घोड़ा, बैल, कुत्ता आदि ।

Q.3. गाय का बछड़ा-बैल हमारे लिए क्या काम करता है?

उत्तर:- गाय का बछड़ा बड़ा होकर बैल बनता है । वह खेत जोतने का काम करता है।

Q.4. जंगली जानवरों को हम क्यों नहीं पाल सकते?

उत्तर:-  जंगली जानवर खतरनाक होते हैं। वे हमें चोट तथा नुकसान पहुँचा सकते हैं इसलिए हम उन्हें नहीं पाल सकते।

Q.5. हम कुछ विशेष पशुओं को क्यों पालते हैं?

उत्तर :- हम कुछ विशेष पशुओं को अपने शौक तथा मनोरंजन के लिए पालते हैं। जैसे :-  बिल्ली

Q.6.  'रेगिस्तान का जहाज़' किसे कहा जाता है?

उत्तर:- ऊँट को ' रेगिस्तान का जहाज़" कहा जाता है।

Q.7. कौन-सा पशु घर की रखवाली करता है?

उत्तर :- कुत्ता हमारे घर की रखवाली करता है।

Q.8. हमें जानवरों की रक्षा क्यों करनी चाहिए?

उत्तर :- पशु हमारे सहायक होते हैं । वे अनेक कामों में हमारी मदद करते हैं तथा इनसे हमें बहुत चीज़ों की प्राप्ति होती हैं । इसलिए हमें इनसे प्रेम करना चाहिए तथा इनकी रक्षा करनी चाहिए। हमें जानवरों पर अत्याचार करने वाले लोगों को सज़ा दिलानी चाहिए क्योंकि यह पृथ्वी हमारी ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों की भी है।

भाषा संसार

प्रश्न 1. बहुवचन रूप लिखिए–

बस्ती  -- बस्तियाँ

बकरी  -- बकरियाँ

सवारी  -- सवारियाँ

बिल्ली  -- बिल्लियाँ

यात्रा  -- यात्राएँ

संस्था  -- संस्थाएँ

सज़ा  -- सज़ाएँ

भाषा -- भाषाएँ

प्रश्न 2. दिए गए शब्दों में सही वर्ण पर ं या ँ लगाकर शब्द पूरे कीजिए -

ऊट -- ऊँट

रग -- रंग

आनद -- आनंद

जगल -- जंगल

गाव -- गाँव

सस्थाए -- संस्थाएँ